Hind Atma

Date:01/02/2021

आईटीएस में स्क्रूस हैंड्स-ऑन पर कार्यशाला आयोजित

गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)। आईटीएस डेन्टल कॉलेज मुरादनगर गाजियाबाद में आथोडॅान्टिक्स एण्ड डेंटोफेशियल आथोर्पेडिक्स विभाग द्वारा एक हैंड्स-आन कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईटीएसद एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के निर्देशन में डॉ राजेश पाटिल ने कार्यशाला में अपना व्याख्यान दिया।कार्यशाला की शुरूआत डॉ राजेश पाटिल के व्याख्यान से हुई जिसमें उन्होंने आथोडॅान्टिक्स के नये तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी छात्रों को दी। डॉ पाटिल ने जटिल विषयों को सरल भाषा में समझाया जिससे सभी छात्रों को इस नई तकनीक को समझने मे कोई कठिनाई नही हुई। इसके साथ ही कार्यशाला में हैंड्स-आन पर व्याख्यान दिया गया, जहां प्रत्येक छात्र को इसकी उपयोगिता को सीखने का बेहतर तथा आसान अनुभव प्राप्त हुआ। डॉ राजेश पाटिल द्वारा स्क्रू प्लेसमेंट का एक लाईव डेमन्स्ट्रेशन मरीजों पर किया गया। जिसने सभी छात्रों तथा दंत चिकित्सकों के ज्ञान को और बढ़ाया। इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन तथा उनके अनुभव को बढ़ाना और उनमें सकारात्मक उर्जा प्रदान करना था। इस सफल कार्यशाला में लगभग 50 से ज्यादा दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। जिसमें कॉलेज के एचओडी अध्यापक तथा एमडीएस छात्र शामिल रहे।

डॉ राजेश पाटिल ने एमडीएस तथा दंत चिकित्सकों के लिए इस तरह के जानकारीपूर्ण और ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन के लिए आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के प्रति आभार प्रकट किया। इसलिए उनकी योग्यता और कड़ी मेहनत के कारण आई0टी0एस0 डेन्टल कॉलेज, गाजियाबाद को मोस्ट प्रिफर्ड यू0जी0/पी0जी0 इंस्टीट्यूट आफ द ईयर के रूप मे सम्मानित किया गया।

आईटीएस डेन्टल कॉलिज को नैक ए ग्रेड से मान्यता प्राप्त है और सभी 9 दंत विशिष्टताओं में स्नातक और स्नातकोत्तर दोनो पाठ्यक्रम है। संस्थान में छात्रों के लिए स्तरीय शैक्षणिक और क्लिनीकल अभ्यास की सुविधाएं उपलब्ध है जिसके फलस्वरूप प्रत्येक वर्ष छात्र विश्वविद्यालय में नियमित रूप से टॉप पोजिशन में रहते है। संस्थान को हाल में नॉलेज रिव्यू मैगजीन 2019 द्वारा देश के शीर्ष दस सर्वश्रेष्ठ दंत चिकित्सा संस्थानों में से एक है।

कॉलिज में मरीजों के सर्वोत्तम ईलाज के लिये कैड-कैम, सीबीसीटी, इम्प्लांट सर्जरी, कॉन्सियस सेडशन, पेन क्लिनिक, लेजर आदि की आधुनिक सुविधायें भी उपलब्ध है। कॉलिज में अत्याधुनिक सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च भी है, जहाँ अनेको शोध हुये है। जिसके लिये संस्थान को अनेको बार आईसीएमआर अनुदान से सम्मानित किया गया है।

Hindustan

Date:01/02/2021

कार्यशाला में शिक्षापरक जानकारी दी

मुरादनगर। हाईवे स्थित आईटीएस कॉलेज में आथोडोंटिक्स विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने आर्थोडेंटिक्स के बारे में शिक्षापरक जानकारी दी। कार्यशाला में ब्रेसिज एंड स्माइल संस्थान के निदेशक डा राजेश पाटिल बतौर मुख्यवक्ता शामिल हुए है। कार्यशाल की शुरूआत डा पाटिल के परिचयात्मक व्याख्यान के साथ हुई, जिसमें उन्होनें ने छात्रों ने आर्थोडोंटिक्स व उससे संबंधित नवीन तकनीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा डा पाटिल द्वारा स्क्रू प्लेसमेंट का एक लाईव डेमन्स्ट्रेशन मरीजों पर किया गया, जिसमें सभी छात्रों तथा दंत चिकित्सकों ने भाग लिया।

National Press Times

Date:01/02/2021

आईटीएस कॉलेज में वर्कशॉप

■ एनबीटी न्यूज, मुरादनगरः हाईवे स्थित आईटीएस कॉलेज में रविवार को आर्थोडोंटिक्स विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ब्रेसिज एंड स्माइल संस्थान के निदेशक डॉ. राजेश पाटिल बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा व वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने वक्ताओं का स्वागत किया और आर्थोडोंटिक्स विषय पर विचार व्यक्त किए। डॉ. अर्पित चड्ढा ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य सभी छात्रों का मार्गदर्शन करना, उनके अनुभव को बढ़ाना व सकारात्मक उर्जा प्रदान करना है। कार्यशाला में 50 दंत चिकित्सकों व सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया।